एसेक्स काउंटी काउंसिल

# माता-पिता के लिए मार्गदर्शिका

## निम्न के लिए वित्त पोषित प्रारंभिक शिक्षा पात्रता (FEEE):

- नौ महीने से लेकर दो साल के बच्चों तक
- दो वर्षीय बच्चे
- तीन और चार वर्षीय बच्चे

## अप्रैल 2024

# विषय-वस्तु

**1. परिचय** 3

**2. सही चाइल्ड केयर चुनना** 4

**3. पात्रता** 5

**4. फंडिंग FEEE स्थान** 8

**5. ध्यान देने योग्य बिंदु** 9

**6. फीस एवं शुल्क तालिका** 12

# 1. परिचय

माता-पिता के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली चाइल्ड केयर ढूंढना कठिन हो सकता है। जब आप किसी चाइल्ड केयर प्रदाता के पास जाते हैं, तो ऐसा बहुत कुछ है जिन पर ध्यान देना चाहिए और उनके बारे में प्रश्न पूछना चाहिए।

यह मार्गदर्शिका आपको विचार करने के लिए बिंदु देती है ताकि आप समझ सकें कि आप अपने बच्चे के लिए वित्त पोषित प्रारंभिक शिक्षा पात्रता कैसे हासिल कर सकते हैं और नर्सरी, प्रीस्कूल या चाइल्डमाइंडर के साथ साइन अप करने से पहले आपको क्या जानना चाहिए। हम इस मार्गदर्शिका के शेष भाग में नर्सरी, प्रीस्कूल या चाइल्डमाइंडर के लिए 'चाइल्डकेयर प्रदाता' शब्द का इस्तेमाल करेंगे।

### वित्त पोषित प्रारंभिक शिक्षा पात्रता (FEEE) क्या है?

FEEE सभी पात्र बच्चों के लिए यूके सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली फंडिंग है, क्योंकि वे चाहते हैं कि बच्चों को अच्छी नर्सरी शिक्षा प्राप्त हो ताकि उन्हें जीवन में बेहतरीन शुरुआत मिल सके।

- सितंबर 2024 से, पात्र कामकाजी माता-पिता के नौ महीने के बच्चों को 9 महीने का होने के बाद के सत्र के लिए वित्त पोषित पात्रता घंटे प्राप्त हो सकते हैं **(FEEE1W)**। बच्चों को साल भर में 570 तक वित्तपोषित पात्रता घंटे मिलेंगे। यदि माता-पिता पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, तो यह 38 सप्ताह तक प्रति सप्ताह 15 घंटे है।

- अप्रैल 2024 से, पात्र कामकाजी माता-पिता के दो वर्षीय बच्चों को दो वर्ष का होने के बाद के सत्र के लिए वित्त पोषित पात्रता घंटे प्राप्त हो सकते हैं **(FEEE2W)**। बच्चों को साल भर में 570 तक वित्तपोषित पात्रता घंटे मिलेंगे। यदि माता-पिता पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, तो यह 38 सप्ताह तक प्रति सप्ताह 15 घंटे है।

- कुछ दो-वर्षीय बच्चों को वित्त पोषित घंटे मिल सकते हैं, यदि उनके माता-पिता कुछ लाभ, आर्थिक मानदंडों पर हैं या बच्चा कुछ गैर-आर्थिक मानदंडों को पूरा करता है**(FEEE2)।** बच्चों को साल भर में 570 तक वित्तपोषित पात्रता घंटे मिलेंगे।  यदि माता-पिता पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, तो यह 38 सप्ताह तक प्रति सप्ताह 15 घंटे है।

- तीन और चार वर्षीय सभी बच्चे तीन साल के होने के बाद से लेकर स्कूल जाने तक के लिए कुछ वित्त पोषित पात्रता घंटे प्राप्त कर सकते हैं, इसे सार्वभौमिक वित्त पोषित पात्रता कहा जाता है **(FEEE3&4)।** बच्चों को साल भर में 570 तक वित्तपोषित पात्रता घंटे मिलेंगे। यह 38 सप्ताह तक प्रति सप्ताह 15 घंटे के लिए है।

- पात्र कामकाजी माता-पिता के तीन और चार वर्षीय बच्चे विस्तारित वित्त पोषित पात्रता **(EFE),** हासिल कर सकते हैं, जो सार्वभौमिक 15 वित्त पोषित घंटों के अतिरिक्त 15 घंटे है, इसे अक्सर "30 घंटे की पेशकश" कहा जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बच्चों को 38 सप्ताह तक प्रति सप्ताह 30 घंटे मिल सकते हैं, जो कि एक वर्ष में कुल 1140 घंटे की वित्त पोषित पात्रता है।

- 38 सप्ताह (या 570 घंटे) अप्रैल की शुरुआत में शुरू होते हैं और अगले वर्ष मार्च के अंत में समाप्त होते हैं और स्कूल सत्र के अनुसार तीन सत्रों में विभाजित होते हैं। अवधि इस प्रकार हैं:
  - ग्रीष्मकालीन सत्र - अप्रैल से जुलाई
  - शरद ऋतु सत्र - सितंबर से दिसंबर
  - वसंत सत्र- जनवरी से मार्च

# 2. आपके और आपके बच्चे के लिए सही चाइल्ड केयर चुनना

विभिन्न प्रकार की चाइल्ड केयर के बारे में अधिक जानने के लिए कृपया निम्न लिंक पर क्लिक करें

फ़ैमिली एंड चाइल्डकेयर, चाइल्ड केयर चुनने के पांच चरणों अपर विश्वास रखता है जिसमें ऐसे उपयोगी प्रश्नों की एक सूची शामिल है, जिस पर चाइल्डकेयर की तलाश करते समय ध्यान देना चाहिए या कृपया यहां जाएं: चाइल्डकेयर प्रदाता खोजें:चाइल्ड केयर के प्रकार – एसेक्स काउंटी काउंसिल।

आप सभी सरकारी चाइल्डकेयर सहायता और आवेदन करने के तरीके के बारे में जानकारी चाइल्ड केयर चॉइस वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं। . मुख्य ईसीसी वेबसाइट परिवार सूचना सेवा - एसेक्स ``काउंटी काउंसिल पर परिवार सूचना सेवा (FIS) वेबपेज पर माता-पिता के लिए भी जानकारी उपलब्ध है

आप इस लिंक चाइल्डकेयर प्रदाता खोजें (essex.gov.uk) पर क्लिक करके एसेक्स में चाइल्ड केयर प्रदाता ढूंढ सकते हैं।

या आप fis@essex.gov.uk पर ईमेल भेजकर परिवार सूचना सेवा से भी संपर्क कर सकते हैं।

या आप किसी फैमिली हब पर जा सकते हैं, आप इस लिंक https://essexfamilywellbeing.co.uk/hubs/ पर क्लिक करके अपने निकटतम चाइल्ड केयर प्रदाता को ढूंढ सकते हैं या अपने आवंटित सामाजिक कार्यकर्ता से बात कर सकते हैं।

प्रारंभिक वर्षों वाले सभी प्रदाताओं का यह कर्तव्य है कि वे विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं और विकलांगता (SEND) वाले बच्चों को सहयोग प्रदान करें और वे आपको यह जानकारी प्रदान करने में सक्षम होंगे कि वे ऐसा कैसे करेंगे। यदि आपके बच्चे को SEND है और आपको अपने बच्चे के लिए सही सेटिंग ढूंढने के लिए अतिरिक्त सहायता चाहिए, तो कृपया early.years@essex.gov.uk पर ईमेल करें और कोई चाइल्ड केयर की तलाश में आपकी सहायता करेगा।

चाइल्डकेयर प्रदाता FEEE का दावा कर सकते हैं, यदि:

- वे प्रारंभिक वर्षों के प्रदाता के रूप में ऑफस्टेड के साथ पंजीकृत हैं, या एक स्कूल नर्सरी हैं, ऐसी स्थिति में उन्हें स्कूल के भाग के रूप में पंजीकृत किया जाएगा
- उनके पास अच्छे या बेहतरीन का ऑफस्टेड जजमेंट है या तीन-चार वर्ष के बच्चों और सभी कामकाजी माता-पिता की वित्त पोषित पात्रता FEEE3&4,EFE, FEEE2W और FEEE1W प्रदान करने के लिए सुधार की ज़रूरत है
- उनके पास ऐसे दो वर्षीय बच्चों को वित्त पोषित पात्रता प्रदान करने के लिए अच्छे या बेहतरीन का ऑफस्टेड जजमेंट है, जो आर्थिक और गैर आर्थिक मापदंड FEEE2 के तहत पात्रता रखते हैं
- उन्होंने एसेक्स काउंटी काउंसिल के साथ FEEE अनुबंध किया हुआ है

यदि कोई चाइल्डमाइंडर, चाइल्डमाइंडर एजेंसी का हिस्सा है, तो एजेंसी या चाइल्डमाइंडर के पास एसेक्स के साथ फंडिंग अनुबंध होने पर भी वे FEEE का दावा कर सकते हैं।

नए पंजीकृत चाइल्डकेयर प्रदाता अपने पहले ऑफस्टेड निरीक्षण से पहले FEEE की पेशकश कर सकते हैं। लेकिन, यदि उन्हें अपने पहले ऑफस्टेड निरीक्षण में अच्छा या उत्कृष्ट जजमेंट नहीं मिलता, तो वे दो साल के बच्चों को FEEE की पेशकश नहीं कर पाएंगे।

एसेक्स काउंटी काउंसिल को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि FEEE घंटों का दावा करने वाले सभी चाइल्डकेयर प्रदाता:

- फुल अर्ली इयर्स फाउंडेशन स्टेज (EYFS) पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं
- FEEE प्राप्त करने वाले बच्चों का रिकॉर्ड रखते हैं और मांगने पर वह जानकारी स्थानीय प्राधिकरण और ऑफस्टेड को उपलब्ध कराते हैं

कृपया ध्यान दें कि नैनीज़ (आया) FEEE का दावा करने या एसेक्स के साथ FEEE अनुबंध करने में सक्षम नहीं हैं, क्योंकि वे प्रारंभिक वर्षों के प्रदाता के रूप में ऑफस्टेड के साथ पंजीकृत नहीं हैं।

## 3. पात्रता

**पात्र कामकाजी माता-पिता के नौ महीने के बच्चे - FEEE1W**

यदि आप पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, तो सितंबर 2024 से अपने बच्चे के लिए उस सत्र के लिए FEEE1W प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं, जिसमे वह 9 वर्ष का हुआ है।

| यदि 9 वर्षीय निम्न के बीच है | तो उसे FEEE1W मिलेगा |
|---|---|
| 1 अप्रैल - 31 अगस्त | 1 सितंबर जब वे 9 महीने के हो जाएं |
| 1 सितंबर - 31 दिसंबर | 1 जनवरी जब वे 9 महीने के हो जाएं |
| 1 जनवरी - 31 मार्च | 1 अप्रैल जब वे 9 महीने के हो जाएं |

आप https://www.gov.uk/check-eligible-free-childcare-if-youre-working पर अपनी पात्रता ऑनलाइन जांच सकेंगे और ऑनलाइन आवेदन पूरा कर सकेंगे। पात्रता के लिए साइन अप करने से पहले, आपको यह सुनिश्चित करने के लिए सभी विकल्पों पर ध्यान देना होगा कि आपने अपने लिए सबसे अच्छा पैकेज चुना है। यह संभव है कि वर्किंग टैक्स क्रेडिट का चाइल्डकेयर एलिमेंट प्रभावित हो सकता है, क्योंकि आप संभवतः कम चाइल्डकेयर के लिए भुगतान कर रहे होंगे।

यदि पात्र हैं तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप उस सत्र की शुरुआत से पहले FEEE1W के लिए आवेदन करें, जिससे आप फंडिंग शुरू करना चाहते हैं। **कृपया ध्यान दें**: यदि आप उस सत्र की शुरुआत के बाद अपने कोड के लिए आवेदन करते हैं, जिससे आप फंडिंग शुरू करना चाहते हैं, तो आपका प्रदाता फंडिंग का दावा नहीं कर पाएगा। आपको उस अवधि के लिए निजी शुल्क का भुगतान करना होगा।

अपना आवेदन पूरा करने और खाता स्थापित करने के बाद आपको अपने चाइल्डकेयर प्रदाता के पास ले जाने के लिए एक पात्रता कोड मिलेगा, जो प्रारंभिक वर्षों के पोर्टल पर कोड की जांच करेगा। यदि कोड सभी जांचों में पास हो जाता है, तो आप अपने वित्त पोषित घंटे बुक कर सकते हैं। आपको अपने बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र भी दिखाना होगा।

आपको हर 3 महीने में चाइल्डकेयर चॉइस के साथ अपना पात्रता कोड नवीनीकृत करना होगा। आपका आवेदन स्वीकृत होने पर आपको नवीनीकरण की तारीख बता दी जाएगी। कृपया इस तिथि को ध्यान में रखें और वित्त पोषित घंटों का दावा जारी रखने के लिए नवीनीकरण सुनिश्चित करें।

**पात्र कामकाजी माता-पिता के दो वर्षीय बच्चे – वित्त पोषित प्रारंभिक शिक्षा पात्रता (FEEE2W)**

यदि आप पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, तो अप्रैल 2024 से आप अपने बच्चे के दो साल का होने के बाद उसके लिए FEEE2W प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं।

| यदि उनका जन्मदिन निम्न के बीच आता है | तो उन्हें FEEE2W मिलेगा |
|---|---|
| 1 अप्रैल – 31 अगस्त | 1 सितंबर, उनके दूसरे जन्मदिन के बाद |
| 1 सितंबर - 31 दिसंबर | 1 जनवरी, उनके दूसरे जन्मदिन के बाद |
| 1 जनवरी – 31 मार्च | 1 अप्रैल, उनके दूसरे जन्मदिन के बाद |

आप https://www.gov.uk/check-eligible-free-childcare-if-youre-working पर अपनी पात्रता ऑनलाइन जांच सकेंगे और ऑनलाइन आवेदन पूरा कर सकेंगे। पात्रता के लिए साइन अप करने से पहले, आपको यह सुनिश्चित करने के लिए सभी विकल्पों पर ध्यान देना होगा कि आपने अपने लिए सबसे अच्छा पैकेज चुना है। यह संभव है कि वर्किंग टैक्स क्रेडिट का चाइल्डकेयर एलिमेंट प्रभावित हो सकता है, क्योंकि आप संभवतः कम चाइल्डकेयर के लिए भुगतान कर रहे होंगे।

यदि पात्र हैं तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप उस सत्र की शुरुआत से पहले FEEE2W के लिए आवेदन करें, जिससे आप फंडिंग शुरू करना चाहते हैं। **कृपया ध्यान दें**: यदि आप उस सत्र की शुरुआत के बाद अपने कोड के

लिए आवेदन करते हैं, जिससे आप फंडिंग शुरू करना चाहते हैं, तो आपका प्रदाता फंडिंग का दावा नहीं कर पाएगा। आपको उस अवधि के लिए निजी शुल्क का भुगतान करना होगा।

अपना आवेदन पूरा करने और खाता स्थापित करने के बाद आपको अपने चाइल्डकेयर प्रदाता के पास ले जाने के लिए एक पात्रता कोड मिलेगा, जो प्रारंभिक वर्षों के पोर्टल पर कोड की जांच करेगा। यदि कोड सभी जांचों में पास हो जाता है, तो आप अपने वित्त पोषित घंटे बुक कर सकते हैं। आपको अपने बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र भी दिखाना होगा।

आपको हर 3 महीने में चाइल्डकेयर चॉइस के साथ अपना पात्रता कोड नवीनीकृत करना होगा। आपका आवेदन स्वीकृत होने पर आपको नवीनीकरण की तारीख बता दी जाएगी। कृपया इस तिथि को ध्यान में रखें और वित्त पोषित घंटों का दावा जारी रखने के लिए नवीनीकरण सुनिश्चित करें।

### दो वर्षीय वित्त पोषित प्रारंभिक शिक्षा पात्रता (FEEE2)

यदि आप कुछ लाभों का दावा करते हैं या अतिरिक्त मानदंडों को पूरा करते हैं, तो आप अपने दो साल के बच्चे के लिए FEEE2 प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं।

और जानकारी के लिए, कृपया निम्नलिखित लिंक पर क्लिक करें 2 वर्षीय बच्चे के लिए चाइल्डकेयर की लागत में सहायता

एसेक्स काउंटी काउंसिल शिक्षा विभाग की पात्रता जांच सेवा (ECS) का इस्तेमाल यह जांचने के लिए करती है कि क्या बच्चे अपने माता-पिता को मिलने वाले लाभों (यूनिवर्सल क्रेडिट सहित) के आधार पर पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।

दो वर्षीय पात्र बच्चे, दो साल के होने के बाद स्कूल सत्र के लिए अपनी FEEE हासिल कर सकते हैं, नीचे देखें:

| **यदि उनका जन्मदिन निम्न के बीच आता है** | **तो उन्हें FEEE2 मिलेगा** |
|---|---|
| 1 अप्रैल – 31 अगस्त | 1 सितंबर उनके दूसरे जन्मदिन के बाद |
| 1 सितंबर - 31 दिसंबर | 1 जनवरी, उनके दूसरे जन्मदिन के बाद |
| 1 जनवरी – 31 मार्च | 1 अप्रैल, उनके दूसरे जन्मदिन के बाद |

यदि आप पात्र हैं और आप किसी के साथ इस बारे में बात करना चाहते हैं, तो आप अपने जिले के लिए एसेक्स चाइल्ड एंड फैमिली वेल-बीइंग सर्विस फैमिली हब से संपर्क कर सकते हैं। आपके स्थानीय फैमिली हब का विवरण यहां उपलब्ध है https://essexfamilywellbeing.co.uk/hubs/

2-वर्षीय बच्चे की फंडिंग के लिए पंजीकरण करने के लिए, आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा, और:

- आपको अपने नेशनल बीमा नंबर या नेशनल असाइलम सीकर्स सर्विस नंबर की ज़रूरत होगी
- एसेक्स एजुकेशन पोर्टल - लॉगऑन पर जाना होगा और अपना ईमेल पता और पासवर्ड इस्तेमाल करके लॉग इन करना होगा। यदि आप पहली बार पोर्टल इस्तेमाल कर रहे हैं, तो कृपया 'पंजीकरण करें' पर क्लिक करें और दिए गए मार्गदर्शन का पालन करें

यदि आपके पास इंटरनेट की सुविधा नहीं है या आपको ऑनलाइन फॉर्म भरने में सहायता चाहिए, तो आप निम्न से सहायता प्राप्त कर सकते हैं:

- फैमिली हब - उनसे संपर्क करने के तरीके की जानकारी के लिए ऊपर देखें
- ईमेल Early.Years@essex.gov.uk
- अपने चाइल्डकेयर प्रदाता, स्वास्थ्य आगंतुक या सामाजिक कार्यकर्ता से बात करें

ऑनलाइन फॉर्म भरने और पात्रता जांच पास होने पर आपको एक रिफरेन्स नंबर मिलेगा, जिसे आप अपने चाइल्डकेयर प्रदाता के पास ले जाकर अपना 15 घंटे का वित्त पोषण प्राप्त कर सकते हैं। अतिरिक्त मानदंडों के कारण पात्र होने पर आपको प्रदाता को अपने बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, अपना नेशनल बीमा नंबर और अन्य साक्ष्य दिखाने होंगे।

## तीन और चार वर्षीय FEEE – यूनिवर्सल 15 घंटे प्रति सप्ताह (FEEE3&4)

सभी 3- और 4-वर्षीय बच्चे अपने तीसरे जन्मदिन के बाद के सत्र से प्रति वर्ष 38 सप्ताह (टर्म टाइम) के लिए सार्वभौमिक वित्त पोषित 15 घंटे प्रति हफ्ते की फंडिंग प्राप्त करने के हकदार हैं, नीचे देखें:

| **यदि उनका जन्मदिन निम्न के बीच आता है** | **तो उन्हें FEEE3&4 मिलेगा** |
|---|---|
| 1 अप्रैल – 31 अगस्त | 1 सितंबर, उनके तीसरे जन्मदिन के बाद |
| 1 सितंबर - 31 दिसंबर | 1 जनवरी, उनके तीसरे जन्मदिन के बाद |
| 1 जनवरी – 31 मार्च | 1 अप्रैल, उनके तीसरे जन्मदिन के बाद |

ये तिथियां शिक्षा विभाग द्वारा तय की गई हैं और इन्हें बदला नहीं जा सकता।

यदि आपका बच्चा पहले से ही चाइल्डकेयर प्रदाता के पास जा रहा है, तो वे FEEE का दावा करने में सक्षम हो सकते हैं, इसलिए यह पता लगाने के लिए उनसे बात करें कि आपका बच्चा वित्त पोषित पात्रता घंटों का लाभ कैसे ले सकता है।

यदि आपका बच्चा किसी चाइल्डकेयर प्रदाता के पास नहीं जा रहा है, तो आपको एक ऐसा प्रदाता ढूंढना होगा जो FEEE पात्रता स्थान प्रदान करता हो और अपने बच्चे को उनके साथ पंजीकृत करना होगा।

## तीन- और चार-वर्षीय FEEE - विस्तारित वित्त पोषित पात्रता (EFE)

कुछ बच्चे EFE के लिए पात्र होंगे जो प्रति वर्ष 38 सप्ताह के लिए प्रति सप्ताह अतिरिक्त 15 घंटे है। आप ऑनलाइन Childcare calculator - GOV.UK इस्तेमाल करके अपनी पात्रता की जांच कर सकेंगे और ऑनलाइन आवेदन पूरा कर सकेंगे। विस्तारित पात्रता के लिए साइन अप करने से पहले, आपको यह सुनिश्चित करने के लिए सभी विकल्पों पर ध्यान देना होगा कि आप अपने लिए सबसे अच्छा पैकेज चुन रहे हैं। यह संभव है कि वर्किंग टैक्स क्रेडिट का चाइल्डकेयर एलिमेंट प्रभावित हो सकता है, क्योंकि आप संभवतः कम चाइल्डकेयर के लिए भुगतान कर रहे होंगे।

यदि पात्र हैं तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप उस सत्र की शुरुआत से पहले EFE के लिए आवेदन करें, जिसके लिए आप फंडिंग शुरू करना चाहते हैं। **कृपया ध्यान दें**: यदि आप उस सत्र की शुरुआत के बाद अपने कोड के लिए आवेदन करते हैं, जिसके लिए आप फंडिंग शुरू करना चाहते हैं, तो आपका प्रदाता EFE का दावा नहीं कर पाएगा। आप केवल प्रति सप्ताह सार्वभौमिक 15 घंटे की पात्रता अवधि प्रप्त कर पाएंगे।

अपना आवेदन पूरा करने और खाता स्थापित करने के बाद आपको अपने चाइल्डकेयर प्रदाता के पास ले जाने के लिए एक पात्रता कोड मिलेगा, जो प्रारंभिक वर्षों के पोर्टल पर कोड की जांच करेगा। यदि कोड सभी जांच पास करता है, तो आप अपने विस्तारित घंटे बुक कर सकते हैं। आपको अपने बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र भी दिखाना होगा।

आपको हर 3 महीने में चाइल्डकेयर चॉइस के साथ अपना पात्रता कोड नवीनीकृत करना होगा। आपका आवेदन स्वीकृत होने पर आपको नवीनीकरण की तारीख बता दी जाएगी। कृपया इस तिथि का ध्यान रखें और सुनिश्चित करें कि आप विस्तारित घंटों का दावा जारी रखने के लिए नवीनीकरण करते हैं।

## प्रारंभिक वर्ष छात्र प्रीमियम (EYPP)

सभी पात्र बच्चे जो FEEE प्राप्त कर रहे हैं, वे EYPP के लिए भी पात्र हो सकते हैं। EYPP का भुगतान 3- और 4-वर्षीय EFE (कामकाजी माता-पिता के लिए अतिरिक्त 15 घंटे) के लिए नहीं किया जाता है। EYPP चाइल्डकेयर प्रदाता को अतिरिक्त फंडिंग देता है, जिसका इस्तेमाल वे ऐसे संसाधन प्रदान करने के लिए कर सकते हैं जो आपके बच्चे की सहायता करेंगे।

वे इस अतिरिक्त फंडिंग का दावा कर सकें, इसलिए आपका चाइल्डकेयर प्रदाता आपसे माता-पिता/देखभालकर्ता अनुबंध फॉर्म के अनुभाग को भरने के लिए कहेगा।

आपका चाइल्डकेयर प्रदाता आपसे इस बारे में बात करेगा कि आपके बच्चे को सीखने में किस तरह की मदद चाहिए। फिर वे अतिरिक्त फंडिंग का इस्तेमाल यह सुनिश्चित करने के लिए कर सकते हैं कि उन्हें ज़रूरत अनुसार सहायता मिले।

**डिसेबिलिटी एक्सेस फंड (DAF)**

यदि आपका बच्चा विकलांगता जीवनयापन भत्ते के लिए अर्हता प्राप्त करता है, तो प्रदाता प्रत्येक वित्तीय वर्ष में DAF के लिए आवेदन कर सकेगा। आपको DLA का प्रमाण देना होगा। यह अतिरिक्त फंडिंग उपकरण, संसाधनों या सेटिंग में उचित समायोजन करने पर खर्च की जा सकती है। यदि आपका बच्चा अपने वित्त पोषित घंटों को दो प्रदाताओं में विभाजित करता है, तो आपको मुख्य सेटिंग को नामांकित करना चाहिए जो आपके बच्चे के लिए DAF प्राप्त करेगी, DAF का भुगतान केवल एक सेटिंग को किया जाता है।

## 4. फंडिंग FEEE स्थान

फंडिंग का दावा करने के लिए चाइल्डकेयर प्रदाता आपके बच्चे का विवरण प्रत्येक अवधि में निर्धारित समय पर एक ऑनलाइन फॉर्म में भरता है, इसे हेडकाउंट कहा जाता है। वे फॉर्म में प्रत्येक बच्चे की देखभाल के लिए दावा किए जा रहे घंटों की संख्या डालते हैं, और इस जानकारी का इस्तेमाल काउंसिल द्वारा उस अवधि के लिए चाइल्डकेयर प्रदाता को भुगतान की जाने वाली फंडिंग की गणना के लिए किया जाता है।

एक वित्तीय वर्ष में 38 सप्ताह के लिए 570 या 1140 घंटे की FEEE का दावा किया जा सकता है। कुछ प्रदाता वर्ष के 38 सप्ताह से अधिक समय तक फंडिंग इस्तेमाल करने देते हैं, जो तब उपयोगी हो सकता है जब आपको पूरे वर्ष बच्चे की देखभाल की आवश्यकता हो। यदि चाइल्डकेयर प्रदाता आपकी वित्त पोषित पात्रता को 38 सप्ताह से अधिक समय तक बढ़ा रहा है, तो वे प्रत्येक अवधि के लिए अनुमत घंटों की पूरी संख्या का दावा कर पाएंगे। यदि आप 50 सप्ताह में अपनी पूरी पात्रता प्राप्त कर रहे हैं तो आपका प्रदाता आपके माता-पिता/देखभालकर्ता अनुबंध फॉर्म पर नोट करेगा कि वे प्रत्येक अवधि के लिए अनुमत सप्ताहों की संख्या के लिए सप्ताह में 15 घंटे का दावा कर रहे हैं, यह पूरे साल में 570 या 1140 घंटे तक हो सकता है।

FEEE फंडिंग का भुगतान किया जाता है, यदि:

- आपका बच्चा हेडकाउंट फॉर्म पर है और हेडकाउंट के दिन चाइल्डकेयर प्रदाता के पास पंजीकृत है।
- या यदि आपका बच्चा हेडकाउंट में शामिल है, लेकिन उस सप्ताह बीमार है या कहीं बाहर है, लेकिन बेहतर होने पर वह चाइल्डकेयर प्रदाता के पास वापस जाएगा।

यदि आपका बच्चा हेडकाउंट तिथि के बाद शुरू करता है, तो वे आपके बच्चे के लिए देर से दावा कर सकते हैं यदि उन्हें अवधि के दौरान किसी अन्य एसेक्स चाइल्डकेयर प्रदाता से वित्त पोषित पात्रता घंटे प्राप्त नहीं हुए हैं।

सभी बाल चाइल्डकेयर प्रदाताओं को प्रत्येक पात्रता के लिए एक निर्धारित प्रति घंटा दर से भुगतान किया जाता है। दरें प्रकाशित नहीं की जाती हैं क्योंकि इनका माता-पिता के लिए कोई मौद्रिक मूल्य नहीं है और डिलीवरी के समय वित्त पोषित घंटे निःशुल्क होने चाहिए।

प्रदाताओं को कम लागत वाले आवास क्षेत्र में रहने वाले 3 और 4 वर्षीय बच्चों के लिए अतिरिक्त 10p, 20p या 30p प्रति घंटा भी मिल सकता है।

यदि आपके बच्चे की कुछ अतिरिक्त ज़रूरतें हैं, तो चाइल्डकेयर प्रदाता अप्रैल से जुलाई तक समावेशन निधि (IF) के लिए और फिर सितंबर से विशेष शैक्षिक आवश्यकता समावेशन निधि (SENIF) के लिए आवेदन कर सकता है, ताकि आपके बच्चे की किसी भी अतिरिक्त ज़रूरत को पूरा रखने में मदद मिल सके। यदि प्रदाता को फंडिंग अनुरोध के लिए दस्तावेज तैयार करने में सहायता चाहिए, तो उन्हें अपने समावेशन भागीदार से बात करनी होगी।

## 5. ध्यान देने योग्य बातें

वित्त पोषित पात्रता को अलग-अलग तरीकों से हासिल किया जा सकता है, एक दिन में उपयोग किए जा सकने वाले वित्त पोषित घंटों की अधिकतम संख्या 10 घंटे है। चाइल्डकेयर प्रदाता:

- प्रत्येक दिन वह अवधि निर्धारित कर सकते हैं जब वे FEEE घंटे प्रदान करते हैं, जैसे सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक
- प्रति दिन अधिकतम 10 वित्त पोषित घंटे स्वीकार करते हैं, कोई न्यूनतम संख्या नहीं है
- एक दिन में इस्तेमाल किए जा सकने वाले वित्त पोषित घंटों की संख्या की एक सीमा निर्धारित करते हैं। उदाहरण के लिए, खुलने का समय सुबह 7.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक है, लेकिन वित्त पोषित घंटों क केवल 8 घंटों तक ही एक्सेस किया जा सकता है, और शेष 4 घंटों के लिए शुल्क लिया जाता है
- केवल उन्हीं स्थानों पर FEEE की पेशकश कर सकते हैं, जहां अतिरिक्त घंटों के लिए भुगतान करने या अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करने की कोई आवश्यकता नहीं है - ये स्थान सीमित हो सकते हैं इसलिए इनकी उपलब्धता जांचें
- वित्त पोषित घंटों के इस्तेमाल पर उपभोज्य शुल्क ले सकते हैं – मार्गदर्शिका के अंत में तालिका देखें।
- केवल वित्तपोषित घंटे सत्र समय या छुट्टियों की अवधि को कवर करने वाले विस्तारित प्रस्ताव के रूप में प्रदान कर सकते हैं

यह समझना महत्वपूर्ण है कि विभिन्न चाइल्डकेयर प्रदाता अलग-अलग वित्त पोषित पात्रता प्रस्ताव देंगे, इसलिए आपको एक ऐसी जगह ढूंढनी होगी जो आपकी आवश्यकताओं के अनुरूप हो। अधिकांश चाइल्डकेयर प्रदाता स्कूल सत्र के समय पर ही FEEE घंटे की पेशकश करेंगे, लेकिन उन्हें ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है, और कुछ इसकी अधिक हफ्तों में पेश करेंगे।

FEEE घंटे, दोपहर के भोजन के समय को कवर कर सकते हैं, जहां इस समय का इस्तेमाल बच्चों को नई चीजें सीखने और नए कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए किया जाता है।

जब FEEE घंटों में दोपहर के भोजन का समय शामिल होता है, तो लंच या स्नैक्स के लिए शुल्क लिया जा सकता है, लेकिन भोजन के लिए किसी भी शुल्क पर आपके बच्चे के शुरुआत करने से पहले आपकी सहमति होनी चाहिए।

चाइल्डकेयर प्रदाता केवल उन घंटों और सेवाओं के लिए शुल्क ले सकता है, जो वित्त पोषित पात्रता का हिस्सा नहीं हैं। यह देखने के लिए जांचें कि क्या आपको वित्त पोषित घंटों तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त घंटे लेने की ज़रूरत है। जिस किसी भी लागत का भुगतान आपको करना है, उसे माता-पिता/देखभालकर्ता की जानकारी में स्पष्ट किया जाना चाहिए और आपके बच्चे के सेटिंग में शुरुआत करने से पहले आपको उनसे सहमत होना चाहिए और आपको चाइल्डकेयर स्थान को स्वीकार करने के लिए हस्ताक्षर करने चाहिए। चाइल्डकेयर प्रदाता को केवल वित्त पोषित स्थान के लिए कोई शर्त नहीं लगानी चाहिए, जिसका अर्थ है कि उन्हें प्राप्त करने के लिए आपको अतिरिक्त घंटे खरीदने होंगे, दोपहर के भोजन के शुल्क का भुगतान करना होगा, पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना होगा या यूनिफार्म के लिए शुल्क देना होगा।

आप अपनी पसंद के चाइल्डकेयर प्रदाता से 38 सप्ताह से कम समय के लिए फंडिंग ले सकते हैं; हालाँकि, उन्हें कम से कम 33 सप्ताह के लिए फंडिंग की पेशकश करनी चाहिए।

यदि आप ऐसे चाइल्डकेयर प्रदाता का चुनाव करते हैं, जो 38 सप्ताह से कम समय के लिए खुला है, तो आप शेष सप्ताह का इस्तेमाल कहीं और नहीं कर सकते। यदि आपको सभी 38 सप्ताह चाहिए, तो ऐसे चाइल्डकेयर प्रदाता को चुनना सबसे अच्छा है, जो यह पेशकश कर सके।

कुछ चाइल्डकेयर प्रदाता 'स्ट्रेच्ड ऑफर' प्रदान करते हैं, जहां छुट्टियों की अवधि को कवर करने के लिए फंडिंग को बढ़ाया जाता है। लेकिन आपको यह समझना चाहिए कि प्रति सत्र अधिकतम घंटों के लिए आप जो दावा कर सकते हैं, इसमें बदलाव नहीं होता। एक वर्ष में दावा किए जा सकने वाले घंटों की कुल संख्या 570/1140 है। यदि आपका प्रदाता वर्ष के 50 सप्ताहों में फंडिंग की पेशकश करता है, तो आपको अधिक सप्ताहों में कम घंटे मिलेंगे, लेकिन आप जितने घंटों के पात्र हैं, वो वही रहेगा।

चाइल्डकेयर प्रदाता को आपके साथ अभिभावक/देखभालकर्ता अनुबंध फॉर्म पूरा करना होगा जिसमें आपके बच्चे को प्रत्येक सत्र के लिए मिलने वाले FEEE घंटों के घंटे और दिन लिखे होंगे। यह आपके बच्चे की उपस्थिति से अधिक घंटे नहीं होने चाहिए। यदि आप नहीं चाहते कि आपका बच्चा पूरे 15 या 30 घंटे उपस्थित रहे तो आपको सभी घंटों का दावा करने की ज़रूरत नहीं है।

यदि आप हेडकाउंट के बाद घंटे बढ़ाने का निर्णय लेते हैं, तो चाइल्डकेयर प्रदाता अतिरिक्त घंटों के लिए दावा नहीं कर सकता। इसका अर्थ है कि वे आपसे सत्र की समाप्ति तक अतिरिक्त घंटों के लिए भुगतान करने के लिए कहेंगे। **यह महत्वपूर्ण है कि आपको सभी विवरणों की जानकारी हो और आप हस्ताक्षर करने से पहले माता-पिता/देखभालकर्ता अनुबंध फॉर्म और मार्गदर्शन पर दी गई जानकारी पढ़ते हैं। सुनिश्चित करें कि आप किसी भी अतिरिक्त लागत के बारे में जानते हों, आपको पता हो कि वे किस लिए हैं, और आप अपने बच्चे के शुरू करने से पहले उनसे सहमत हों।**

जांचें कि चाइल्डकेयर प्रदाता प्रत्येक सत्र के लिए वित्त पोषित घंटों की गारंटी देगा और प्रस्ताव बच्चे की उम्र, या यदि विस्तारित घंटों की आवश्यकता है, तो उसके आधार पर नहीं बदलता है।

यदि आप अपने बच्चे को सत्र के दौरान किसी अन्य प्रदाता के पास ले जाते हैं, तो हेडकाउंट के बाद, आपका नया प्रदाता एसेक्स काउंटी काउंसिल से FEEE घंटों का दावा नहीं कर पाएगा। इसलिए, आपको शेष सत्र के लिए नए प्रदाता को शुल्क का भुगतान करना पड़ सकता है।

इन मामलों में, एसेक्स काउंटी काउंसिल मूल प्रदाता से सत्र के लिए अप्रयुक्त फंडिंग को नए प्रदाता को देने के लिए कह सकती है, लेकिन यह उनके संविदात्मक अनुबंध का हिस्सा नहीं है, और हम इस पर जोर नहीं दे सकते कि वे फंडिंग को आगे बढ़ा दें।

साथ ही, आपके मूल प्रदाता को नोटिस पीरियड की ज़रूरत होगी और यदि आप आवश्यक नोटिस नहीं देते हैं कि आपका बच्चा अब उसकी सेवा का लाभ नहीं उठाएगा, तो वे आपसे शुल्क ले सकता है, कृपया अपना निर्णय लेने से पहले इसे जांच लें।

आपको मिलने वाले किसी भी चालान को स्पष्ट रूप से सूचीबद्ध किया जाना चाहिए और :

- यह दर्शाना चाहिए कि आपको अपने बच्चे के वित्त पोषित घंटे पूरी तरह से निःशुल्क प्राप्त हुए हैं, वित्त पोषित घंटों से कोई मौद्रिक मूल्य जुड़ा नहीं होना चाहिए।
- आपसे वित्त पोषित घंटों के अलावा लिए गए अतिरिक्त घंटों/सत्रों/दिनों के शुल्क के ब्रेकडाउन को दर्शाना चाहिए, प्रदाता को आपको जगह लेने से पहले इनके बारे में बताना होगा क्योंकि आप माता-पिता/देखभालकर्ता अनुबंध फॉर्म पर हस्ताक्षर करके उनसे सहमति जताते हैं।
- किसी भी अतिरिक्त शुल्क , यानी उपभोग योग्य शुल्क, भोजन और सेवाओं का ब्रेकडाउन दर्शाना चाहिए

कृपया यह भी ध्यान रखें कि:

- FEEE घंटों के अलावा अतिरिक्त घंटों के लिए चाइल्डकेयर प्रदाता जो दरें वसूलता है, वह आपके और उनके बीच का निजी मामला है। स्थानीय अधिकारी प्रदाताओं के निजी व्यवसाय में हस्तक्षेप नहीं कर सकते।
- यदि आपका बच्चा केवल अपने FEEE घंटों में भाग ले रहा है, तो आपको चालान की ज़रूरत नहीं है। लेकिन प्रदाता को आपको बताना होगा कि उन्होंने फंडिंग के लिए आवेदन किया है और सुनिश्चित करें कि आपने माता-पिता/देखभालकर्ता अनुबंध फॉर्म पूरा कर लिया है।

चाइल्डकेयर प्रदाता सभी कामकाजी माता-पिता पात्रता और तीन और चार साल के बच्चों की सार्वभौमिक पात्रता के लिए FEEE स्थान आरक्षित करने के लिए डिपॉजिट ले सकते हैं। डिपॉजिट कैसे और कब लागू किया जा सकता है और वापस किया जा सकता है, इसके विवरण के लिए कृपया पृष्ठ 12 पर दी गई तालिका देखें।

जब प्रदाता बिना किसी बच्चे के खुले हों तो वे प्रत्येक सत्र के लिए एक दिन के लिए FEEE का दावा कर सकता है ताकि वे कर्मचारियों को प्रशिक्षण दे सकें। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप अपने माता-पिता/देखभालकर्ता अनुबंध फॉर्म पर हस्ताक्षर करने से पहले जानते हैं कि आप प्रति सत्र वित्त पोषित पात्रता का एक दिन खो देंगे। आपको किसी भी नियोजित समापन के लिए 6 सप्ताह का नोटिस भी दिया जाना चाहिए।

यदि आपका बच्चा बैंक अवकाश के दिन उपस्थित होता है, तो प्रदाता को माता-पिता/देखभालकर्ता अनुबंध फॉर्म पर हस्ताक्षर करने से पहले आपको सूचित करना चाहिए कि क्या बैंक अवकाश वाले दिन उनकी भी छुट्टी है। जहां वित्त पोषित सप्ताहों में बैंक की अवकाश होंगे, वहां आपके बच्चे को उसकी पूरी पात्रता नहीं मिलेगी। प्रदाताओं को बैंक अवकाश पर उपभोग्य सामग्रियों के लिए शुल्क नहीं लेना चाहिए।

यदि कोई बच्चा थोड़े समय के लिए बाहर रहता है, यदि आप छुट्टी पर जाते हैं या बच्चा सत्र के दौरान बीमार होता है, तब भी चाइल्ड केयर प्रदाता को फंडिंग मिलेगी।

कामकाजी माता-पिता की पात्रता और तीन और चार बर्षीय बच्चे की फंडिंग का इस्तेमाल दो या दो से अधिक चाइल्डकेयर प्रदाताओं के साथ किया जा सकता है यदि इससे आपकी आवश्यकताएं पूरी होती हैं। लेकिन आप एक दिन में केवल दो प्रदाताओं के पास जा सकते हैं। कुछ चाइल्डकेयर प्रदाता सोल प्रोवाइडर पॉलिसी या एक-प्रदाता नीति अपनाते हैं, जहां आपको अपनी पूरी पात्रता उनके साथ रखनी होगी और वे विभाजित फंडिंग की अनुमति नहीं देंगे।

यदि आप फंडिंग को विभाजित करते हैं, तो आपको प्रत्येक सत्र की शुरुआत में माता-पिता/देखभालकर्ता अनुबंध फॉर्म हस्ताक्षर के समय इसका उल्लेख करना होगा, जिसमें प्रत्येक चाइल्डकेयर प्रदाता के यहां आपके द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले घंटों की संख्या भी शामिल है। आप दोनों प्रदाताओं के बीच अपनी पात्रता से अधिक का दावा नहीं कर सकते।

चाइल्डकेयर प्रदाता हमें जानकारी देता है कि आपका बच्चा उसके साथ कितने समय तक रहा और ECC किसी भी अतिरिक्त दावे को रोकने के लिए जांच करेगा। यदि वे अतिरिक्त दावा करते हैं, तो आपको ऐसे किसी भी घंटे के लिए भुगतान करना होगा जो वित्त पोषित पात्रता में शामिल नहीं हैं।

यदि आपका बच्चा FEEE2 प्राप्त कर रहा है, तो वे केवल एक प्रारंभिक वर्ष प्रदाता पर 2-वर्षीय फंडिंग इस्तेमाल कर सकते हैं।

आप किसी स्कूल में चाइल्डकेयर प्रदाता और रिसेप्शन क्लास के बीच फंडिंग को विभाजित नहीं कर सकते। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब कोई बच्चा रिसेप्शन क्लास में जाता है तो उसकी प्रारंभिक शिक्षा के लिए सारी फंडिंग का भुगतान स्कूल के बजट में किया जाता है और चाइल्डकेयर प्रदाता इसका दावा नहीं कर पाएगा।

यदि आपका बच्चा रिसेप्शन कक्षा में शुरुआत करने वाला है, तो आप उनके शुरू करने से पहले शरद सत्र की शुरुआत में दिनों या हफ्तों के लिए कोई वित्त पोषित पात्रता घंटे प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

स्कूलों को यह कहने की अनुमति नहीं है कि यदि आप स्कूल में जगह चाहते हैं तो आपको उनकी नर्सरी से जुड़ना ही होगा। यदि आपसे ऐसा कहा जाता है, तो हम चाहेंगे कि आप ECC को सूचित करें, ताकि हम कार्रवाई कर सकें।

यदि आप चाइल्डकेयर प्रदाता सत्र के बीच में सेवाएं बंद कर रहा है और आपको कोई दूसरा प्रदाता ढूंढना है, तो कृपया fis@essex.gov.uk पर ईमेल करके परिवार सूचना सेवा से संपर्क करें। दूसरा प्रदाता मिलने पर, वे शेष सत्र के लिए आपके बच्चे की वित्त पोषित पात्रता के लिए देर से दावा करने में सक्षम हो सकते हैं।

यदि आप सत्र के दौरान किसी अन्य स्थानीय प्राधिकरण से एसेक्स में जाते हैं, तो हम चाइल्डकेयर प्रदाता को किसी भी ऐसे बच्चे के लिए दावा करने की अनुमति देंगे, जिसे पहले से एसेक्स में अपनी वित्त पोषित पात्रता नहीं मिल रही है। वे सत्र के शेष सप्ताहों के लिए FEEE घंटों के लिए 'विलंब दावा' करने में सक्षम होंगे।

यदि आप सत्र के दौरान प्रदाताओं को एसेक्स काउंटी काउंसिल क्षेत्र में स्थानांतरित करते हैं, तो यह प्रदाता के विवेक पर निर्भर करता है कि वे FEEE फंडिंग स्थानांतरित करते हैं या नहीं। कृपया यह भी ध्यान रखें कि प्रत्येक प्रदाता के पास आपके साथ अपनी चाइल्डकेयर व्यवस्था समाप्त करने के लिए अपनी नोटिस अवधि होगी।

प्रदाताओं को बेटर स्टार्ट टैब इस्तेमाल करके प्रदाता पोर्टल पर FEEE2 और FEEE2W फंडिंग लेने वाले बच्चों के लिए विकास प्रगति डेटा सबमिट करना आवश्यक है। यदि आप नहीं चाहते कि प्रदाता आपके बच्चे के लिए विकास प्रगति डेटा सबमिट करे, तो कृपया अपने निर्णय के बारे में एसेक्स को सूचित करने के लिए 2yearold@essex.gov.uk पर ईमेल करें।

## 6. फीस और शुल्क की तालिका

| | **बच्चे के पास FEEE2 घंटे तक पहुंच है** | **बच्चे के पास FEEE2 घंटे तक पहुंच है और अतिरिक्त घंटों के लिए भुगतान कर रहा है** | **बच्चे के पास केवल FEEE3&4, FEEE2W और FEEE1W घंटों तक पहुंच है** | **बच्चे के पास FEEE3&4, FEEE2W और FEEE1W घंटों तक है और अतिरिक्त घंटों के लिए भुगतान कर रहा है** |
|---|---|---|---|---|
| ***पंजीकरण/व्यवस्थापन शुल्क** | शुल्क नहीं लिया जाना **चाहिए** | शुल्क नहीं लिया जाना **चाहि**ए | शुल्क नहीं लिया जाना **चाहिए** | शुल्क **लिया**जा सकता है |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ***व्यवस्थापन शुल्क** | नहीं लिया जाना **चाहिए** | शुल्क नहीं लिया जाना **चाहिए** | शुल्क नहीं लिया जाना **चाहिए** | शुल्क **लिया**जा सकता है |
| **जमा - वापसी योग्य** (यदि FEEE के इस्तेमाल पहले जमा राशि वापस ले ली गई है, तो इसे पहली छमाही की फंडिंग शुरू होने से पहले माता-पिता को वापस कर दिया जाना **चाहिए**) | शुल्क नहीं लिया जाना **चाहिए** (एसेक्स आवश्यकता, FEEE2 वित्तीय मानदंडों पर आधारित है। जमा राशि माता-पिता के लिए फंडिंग तक पहुंचने में बाधा बन सकती है। | शुल्क नहीं लिया जाना **चाहिए** (केवल FEEE2 घंटों के लिए) | अधिकतम एक सप्ताह का शुल्क लिया जा **सकता** है, जिसमें माता-पिता द्वारा लिए जाने वाले घंटों की संख्या शामिल होगी। इसे माता-पिता को पात्रता लेने के पहले आधे सत्र के ब्रेक के बाद वापस किया जाना **चाहिए** | शुल्क लिया जा **सकता** है, लेकिन वित्त पोषित घंटों से संबंधित जमा राशि माता-पिता को पात्रता लेने के पहले आधे सत्र के ब्रेक के बाद वापस करनी होगी। ***नीचे उदाहरण देखें। |
| **स्वैच्छिक योगदान** | नाश्ते आदि के लिए स्वैच्छिक योगदान के लिए पूछ**सकते** | नाश्ते आदि के लिए स्वैच्छिक योगदान के लिए पूछ**सकते** | नाश्ते आदि के लिए स्वैच्छिक योगदान के लिए पूछ**सकते** | नाश्ते आदि के लिए स्वैच्छिक योगदान के लिए पूछ**सकते** |
| ****उपभोज्य शुल्क** | लागू नहीं किया जाना **चाहिए**। | लागू किया जा **सकता** है, लेकिन एक वैकल्पिक विकल्प या समाधान पेश किया जाना **चाहिए** | लागू किया जा **सकता** है, लेकिन एक वैकल्पिक विकल्प या समाधान पेश किया जाना **चाहिए** । | लागू किया जा **सकता** है, लेकिन एक वैकल्पिक विकल्प या समाधान पेश किया जाना **चाहिए**। |

*यदि कोई बच्चा वित्त पोषित घंटों के लिए पात्र होने से पहले प्रारंभिक वर्ष प्रदाता के पास जाता है तो पंजीकरण/व्यवस्थापन शुल्क लिया जा सकता है।

**उपभोग्य सामग्रियों में सन क्रीम, नैपी, नाश्ता, भोजन, यात्राएं, विशेषज्ञ ट्यूशन, यूनिफॉर्म और अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियां शामिल हो सकती हैं। प्रदाताओं को EYFS प्रदान करने के लिए सामान्य व्यावसायिक परिचालन लागत जैसे कागज, पेंट, फोटोकॉपी, सफाई और उपयोगिताएं शामिल नहीं करनी चाहिए।।

प्रदाताओं को इस बारे में अपनी नीति निर्धारित करनी चाहिए कि माता-पिता के लिए उनकी जानकारी में वैकल्पिक विकल्प क्या शामिल है।

***जमा का उदाहरण:

बच्चा प्रति सप्ताह 40 घंटे सेटिंग में उपस्थित रहता है: -

- बच्चे के पास 30 घंटे FEEE तक पहुंच है
- £250 के लिए जमा लिया गया
- £250: - 40 घंटे = £6.25 प्रति घंटा x 30 घंटे FEEE = £187.50। सेटिंग को पात्रता लेने के पहले आधे सत्र के ब्रेक के बाद £187.50 वापस करना होगा
- £250: - 40 घंटे = £6.25 प्रति घंटा x 10 घंटे निजी शुल्क = £62.50। सेटिंग अपनी नीति के अनुरूप £62.50 की जमा राशि को अपने पास रख सकती है